कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)
Web site – www.govtkdmcollegerjn.com ☎ Phone No. – 07744-225171
Email –kamlacollege.rjn@gmail.com 🖷 Fax No. – 07744-225171

# " स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 01-08-2018 से 15-08-2018 "

**राजनांदगांव** : दिनांक 01/08/2018 से 15/08/2018 तक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसके अंतर्गत दिनांक 01/08/2018 को छात्राओं द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई । जिसमें सहायक प्राध्यापक श्री के.के.द्विवेदी द्वारा छात्राओं को शपथ दिलाई गई साथ ही अन्य स्टॉफ सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण किया ।

दिनांक 03.08.2018 को गाजर घास उन्मूलन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने अपना योगदान दिया छात्राओं के साथ रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी के साथ ही अन्य प्राध्यापक भी सम्मिलित हुए ।

दिनांक 05.08.2018 को एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया एवं अपने गांव एवं घरों के आस–पास के स्थान को स्वच्छ रखने एवं लोगों के प्रेरणा हेतु कार्य करने को कहा गया ।

दिनांक 10.08.2018 को स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाग लेकर छात्राओं ने कॉलेज परिसर की सफाई की ।

दिनांक 12.08.2018 को छात्राओं द्वारा महाविद्यालयीन कक्षों की सफाई की गई । 13.08.2018 को जागरूकता रैली का अयोजन किया गया । जिसमें नारे और बैनर के माध्यम से छात्राओ ने लागों को जागरूक किया ।

दिनांक 14.08.2018 को स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया गया जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा में किए गए कार्य के लिए प्राचार्य महोदया ने सभी छात्रओं की सराहना की और वर्ष भर इसी तरह कार्य करते रहने हेतु इन्हें प्रेरित किया । ये सभी कार्यक्रम प्राचार्य महोदया के मार्गद"ान में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा द्वारा सम्पन्न करवाया गया । अन्य प्राध्यापकों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया ।






स्वच्छता का अनुपम नारा।
स्वच्छ सुंदर हो गाँव



